# Daily Current Affairs 06/04/2021

## 1. भारतीय सेना बांग्लादेश में बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'शांतीर ओग्रोशेना' 2021 में शामिल हुआ




- बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास **शांतीर ओग्रोशेना** (**फ्रांट रनर ऑफ पीस**) का आयोजन 04 अप्रैल 2021 को बंगबंधु सेनानीबास, बांग्लादेश में **बांग्लादेश के 'राष्ट्रपिता' बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान** की जन्मशती मनाने और मुक्ति के 50 वर्षों के गौरवशाली अवसर पर शुरू की गई।
- रॉयल भूटान आर्मी, श्रीलंका की सेना और बांग्लादेश की सेना की टुकड़ी के साथ **04 अप्रैल से 12 अप्रैल 2021** तक 30 जवानों का भारतीय दल इस अभ्यास में भाग ले रहा है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, तुर्की, सऊदी अरब, कुवैत और सिंगापुर के सैन्य पर्यवेक्षक भी अभ्यास के दौरान उपस्थित रहेंगे।
- अभ्यास का विषय **"मजबूत पीसकीपिंग ऑपरेशंस"** है।

## 2. भारत बहुपक्षीय सामुद्रिक अभ्यास 'ला पेरॉस' में शामिल हुआ



- भारत और तीन अन्य क्वाड सदस्य राष्ट्र पूर्वी हिंद महासागर में तीन दिवसीय (05 से 07 अप्रैल 2021) मेगा नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुए।



- भारतीय नौसेना के जहाज INS सतपुड़ा तथा P8I लॉन्ग रेंज मैरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट के साथ INS किल्तान पहली बार बहुपक्षीय सामुद्रिक अभ्यास ला पेरॉस में भाग लिया।
- भारतीय नौसेना के जहाज तथा विमान फ्रांस की नौसेना, रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी, जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स तथा यूनाइटेट स्टेट्स नेवी के जहाजों तथा विमान के साथ अभ्यास में भाग लिया।
- **नोट: क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलाग (QSD, जिसे क्वाड के नाम से भी जाना जाता है)** संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक अनौपचारिक रणनीतिक वार्ता है।


## 3. महाराष्ट्र सरकार ने अम्बोली को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में घोषित किया



- महाराष्ट्र सरकार ने **सिंधुदुर्ग जिले में पश्चिमी घाटों में अम्बोली** में एक क्षेत्र को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में घोषित किया है, जहाँ एक दुर्लभ मीठे पानी की मछली की प्रजातियों को खोजा गया था।
- मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे तेजस ठाकरे, जो एक वन्यजीव शोधकर्ता हैं, और उनकी टीम ने सिंधुदुर्ग जिले की सावंतवाड़ी तहसील में अंबोली के पास नई मीठे पानी की मछली प्रजातियों - **शिस्टुरा हिरण्यकेशी** की खोज की थी।
- मीठे पानी की मछलियों की प्रजातियों की खोज **इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इचथोलॉजी** में अक्टूबर 2020 के संस्करण में तेजस ठाकरे और सह-लेखकों द्वारा प्रकाशित की गई थी।
- **महाराष्ट्र में अन्य जैव विविधता विरासत स्थल:**
- गढ़चिरौली जिले में ग्लोरी ऑफ अल्लापल्ली, जलगाँव में लैंडोर खोरी पार्क, पुणे में गणेश खिंड, सिंधुदुर्ग जिले में मिरिस्टिका दलदली वनस्पति

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

**4. भारत के पहले सौर मिशन में अंतरिक्ष के मौसम को बाधित करने वाले सौर विस्फोटों पर नजर रखने वाली नवीन तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा**




- बेल्जियम के रॉयल ऑब्जर्वेटरी के सहयोगियों के साथ मिलकर भारत सरकार के **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** के तहत आने वाले स्वायत्त संस्थान **आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंस (ARIES)**, नैनीताल के श्री रितेश पटेल, डॉ. वैभव पंत और प्रो. दीपांकर बैनर्जी के नेतृत्व में किये गये इस अनुसंधान ने निचले कोरोना में तेजी गति से होने वाले सौर विस्फोटों का पता लगाने और उन पर नजर रखने के लिए **इनर सोलर कोरोना में CME की पहचान (CIISCO)** नाम के एक एल्गोरिदम के विकास का नेतृत्व किया है।
- CIISCO को सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी और सोलर– टेर्रेसट्रीयल रिलेशन्स ऑब्जर्वेटरी, क्रमशः NASA और ESA द्वारा प्रक्षेपित PROBA2/SWAP समेत विभिन्न अंतरिक्ष वेधशालाओं द्वारा देखे गए कई विस्फोटों पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।
- **नोट: कंप्यूटर विजन एल्गोरिदम पर आधारित कंप्यूटर एडेड CME ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर (CACTus)** नाम के सॉफ्टवेयर का उपयोग अब तक बाहरी कोरोना में स्वचालित रूप से होने वाले ऐसे विस्फोटों का पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए किया जाता था।
- **भारत के पहले सौर मिशन के रूप में, आदित्य-L1**, सोलर कोरोना के इस क्षेत्र का पर्यवेक्षण करेगा, आदित्य-L1 के आंकड़ों पर CIISCO के कार्यान्वयन से इस कम अन्वेषण वाले क्षेत्र में CME से संबंधित गुणों के बारे में नई जानकारी मिलेगी।


Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

5. आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने 'कलिंग रत्न' पुरस्कार 2021 प्राप्त किया



- एम वेंकैया नायडू, भारत के उपराष्ट्रपति ने साहित्यिक कार्यों के लिए आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को वर्ष 2021 के लिए 'कलिंग रत्न' पुरस्कार प्रदान किया।
- यह पुरस्कार आदिकबी सरला दास की 600 वीं जयंती और कटक के सरला भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरला साहित्य संसद के 40 वें वार्षिक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।
- कलिंग रत्न पुरस्कार में देवी सरस्वती की एक चांदी की मूर्ति और एक तांबे की पट्टिका शामिल है।

gradeup

6. TAFE प्रमुख मल्लिका श्रीनिवासन को PESB का चेयरपर्सन नामित किया गया

- मल्लिका श्रीनिवासन, ट्रेक्टर एंड फ़ार्म इक्विपमेंट (TAFE) लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, को **सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB**) का चेयरपर्सन नामित किया है।
- यह पहली बार है जब किसी निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ को PESB का प्रमुख नियुक्त किया गया है, जो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSE) में शीर्ष पदों पर नियुक्तियां करने के लिए जिम्मेदार है।


Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

**7. उपराष्ट्रपति ने सेवानिवृत्त सिविल सेवक डॉ शैलेंद्र जोशी द्वारा पुस्तक 'सुप्रीपालना' का विमोचन किया**

****




- उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू ने तेलंगाना के पूर्व मुख्य सचिव डॉ शैलेंद्र जोशी द्वारा लिखित “इको टी कॉलिंग: टुवर्ड्स पीपल-सेंट्रिक गवर्नेंस” के तेलुगु अनुवाद, 'सुप्रीपालना' पुस्तक का विमोचन किया।
- पुस्तक के अनुवादक अन्नावारप्पू ब्रम्हैया हैं और प्रकाशक मारुती हैं।

**8. ह्यूबर्ट हरकाज ने मियामी ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2021 में पुरुष एकल खिताब जीता; एश्ले बार्टी ने महिला एकल खिताब जीता**



- **पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकाज** ने मियामी गार्डन, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में **पुरुष एकल खिताब** जीता है उन्होंने इटली के जेनिक सीनर को हराया।


Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests


- **ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी** ने **महिला एकल खिताब** जीता उन्होंने फाइनल में कनाडा की बायन्सा आन्द्रेस्यू को हराया।

## 9. दिग्गज अभिनेत्री शशिकला का निधन



- उनके पहले नाम से अधिक लोकप्रिय शशिकला ओम प्रकाश सैगल ने 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।
- शशिकला को 2007 में भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। शशिकला को आरती और गुमराह में उनके काम के लिए दो फिल्मफेयर पुरस्कार मिले।

## 10. गीता प्रेस के अध्यक्ष राधेश्याम खेमका का निधन



खेमका ने सनातन साहित्य को जन-जन तक पहुंचाया।

- **गीता प्रेस** हिंदू धार्मिक ग्रंथों का दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाशक है। यह भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के गोरखपुर शहर में स्थित है। इसकी स्थापना 1923 में जया दयाल गोयंका और घनश्याम दास जालान ने सनातन धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए की थी।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests